**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न 3501**

**मंगलवार,17 दिसंबर, 2024/19 अग्रहायण, 1946 (शक) को उत्तरार्थ**

# डेयरी सहकार योजना

**+3501. श्री मड्डीला गुरूमूर्तिः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान तिरूपति संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में डेयरी सहकार योजना के अंतर्गत शुरू की गई पहलों का ब्यौरा क्या है और इस योजना से लाभान्वित होने वाली डेयरी सहकारी समितियों अथवा किसान समूहों की संख्या कितनी है;

(ख) तिरूपति में डेयरी सहकार योजना के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि आबंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई है और इस क्षेत्र में डेयरी अवसंरचना, प्रसंस्करण और विपणन में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार ने तिरूपति में डेयरी किसानों के समक्ष पेश आ रही विशिष्ट चुनौतियों, जैसे ऋण तक पहुंच, आधुनिक प्रौद्योगिकी अथवा बाजार संपर्कों की पहचान की है; और

(घ) यदि हां, तो इन मुद्दों का समाधान करने और निर्वाचन क्षेत्र में डेयरी किसानों की सहायता करने के लिए डेयरी सहकार योजना के अंतर्गत क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क से घ) राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) - सहकारिता मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निगम है जो वित्तीय सहायता प्रदान करके और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ समन्वय करके देश भर में डेयरी सहकारी समितियों के संवर्धन और विकास के लिए विभिन्न क्षमता विकास कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है ।

एनसीडीसी की डेयरी सहकार योजना के तहत लाभान्वित डेयरी सहकारी समितियों का विवरण निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | राज्य | लाभार्थी डेयरी सहकारी समितियों की संख्या | संवितरित राशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | 9420 | 27.16 |
| 2 | उत्तराखंड | 2766 | 23.49 |
| 3 | बिहार | 1409 | 9.72 |
| 4 | महाराष्ट्र | 1491 | 1.80 |
| 5 | ओडिशा | 943 | 0.69 |
| 6 | तमिलनाडु | 175 | 24.83 |
| 7 | तेलंगाना | 3018 | 51.93 |
| 8 | राजस्थान | 663 | 6.19 |
| | **कुल** | **19885** | **145.81** |

चूँकि डेयरी सहकार, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) की अम्ब्रेला संरचना है, सहकारिता मंत्रालय के पास इस संरचना के लिए कोई विशेष धन का आबंटन नहीं किया गया है । अब तक, एनसीडीसी ने डेयरी सहकार योजना के अंतर्गत डेयरी सहकारी समितियों को 145.81 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। हालांकि, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) ने डेयरी सहकार के तहत तिरुपति संसदीय क्षेत्र में कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की है, क्योंकि तिरूपति संसदीय क्षेत्र से किसी भी डेयरी सहकारी समिति ने डेयरी सहकार के तहत ऋण के लिए एनसीडीसी को आवेदन नहीं किया है।

*******